दिनांकः 27.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

ओडिषा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विष्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो रही है। उत्सव के दौरान भगवान जगन्नाथ और उनके बड़े भाई बलभद्र और छोटी बहन देवी सुभद्रा के विग्रह रथों में सवार होकर दर्शन देते हैं। रथ यात्रा के बाद वे गुंडिचा मंदिर में नौ दिन तक प्रवास करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा इन ईश्वरीय रूपों की मानवीय दिव्य लीला ही इस यात्रा की विशेषता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रथ यात्रा के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि आस्था और भक्ति का यह पावन पर्व सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि, सौभाग्य और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए। केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी रथयात्रा में शामिल होने पुरी पहुंचे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की अन्न सेवा की।
इधर, प्रदेष में भी आज कई स्थानों पर पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के आयोजन हो रहे हैं। भरतपुर में किला स्थित बिहारी जी मंदिर से लवाजमे के साथ रथयात्रा निकाली गई। भक्तों ने अपने हाथों से रथ को खींचकर श्रद्धा व्यक्त की।
जयपुर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में रथयात्रा महोत्सव का आयोजन हुआ। जहां सुबह मंगला झांकी के दर्शन के बाद गोविंददेव जी का विधिवत अभिषेक कर नए वस्त्र धारण करवाए गए। रथयात्रा महोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।
उधर, जैसलमेर के रामदेवरा में आज बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दूज के विशेष अवसर पर मेले जैसा माहौल नजर आ रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु रामेदवरा पहुंचे हैं। सुबह तीन बजे अभिषेक आरती के बाद समाधि स्थल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।

000

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले भामाशाहों और प्रेरकों के सम्मान में कल जयपुर में राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में विद्यालयों और महाविद्यालयों के शैक्षिक तथा भौतिक उन्नयन की दिशा में उल्लेखनीय आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल 134 भामाशाहों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा एक करोड़ रुपये या उससे अधिक का सहयोग करने वाले 35 भामाशाहों को "शिक्षा विभूषण" से नवाजा जाएगा।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की पूरक परीक्षाए 15 जुलाई से षुरू होंगी। इसके लिए बोर्ड ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। दसवीं की परीक्षा बाईस जुलाई तक और बाहरवीं कक्षा के तीनों संकायों की परीक्षाएं पंद्रह जुलाई को एक ही दिन में सम्पन्न होगी। उधर, सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में बीएजेएमसी, बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रमों में अब 8 जुलाई तक आवेदन किये जा सकेंगे। विष्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अनिल कुमार राय ने बताया कि तिथि बढ़ाने का निर्णय विद्यार्थियों की सुविधा और प्रवेश की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

000

बाड़मेर और जोधपुर से चलने वाली मालाणी और मथुरा सुपरफास्ट रेलगाड़ियां अब इलेक्ट्रिक इंजन से चलेंगी। बदले हुए इंजन से मंडोर और मथुरा सुपरफास्ट ट्रेन आज से और मालाणी एक्सप्रेस 30 जून से शुरू चलेगी। इससे पर्यावरण अनुकूल होने के साथ लागत में भी बचत होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया जोधपुर मंडल पर संपूर्ण इलेक्ट्रिफिकेशन होने के बाद चरणबद्ध तरीके से ट्रेनों का डीजल की जगह इलेक्ट्रिक इंजन से संचालन शुरू किया जा रहा है।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी भागों में सबसे ज्यादा

13 सेंटीमीटर बारिश बांसवाडा के सज्जनगढ़ में रिकॉर्ड हुई। डूंगरपुर के सागवाडा में 10, बारां के अटरू में 9 और दौसा में 8 सेंटीमीटर पानी बरसा। अन्य स्थानों पर 1 से 7 सेंटीमीटर बारिश हुई। विभाग ने आज राज्य के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जयपुर, सवाईमाधोपुर, करौली और दौसा जिलों और आस–पास के क्षेत्रों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000